Daily Current Affairs 22 October 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 20 अक्टूबर को मनाया गया विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस
• प्रतिवर्ष 20 अक्टूबर को विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस मनाया जाता है। विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस 2022 का विषय 'स्टेप अप फॉर बोन हेल्थ' है। यह विषय समस्त आयु वर्ग में अस्थियों के बेहतर स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिये विशेष कार्य (व्यायाम) करने तथा वयस्क जीवन (प्रौढ़ जीवन) में ऑस्टियोपोरोसिस व फ्रैक्चर (अस्थि-भंग) के ज़ोखिम को कम करने पर केंद्रित है। यह दिवस ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम, निदान और उपचार के लिये वैश्विक जागरूकता के प्रसार के प्रति समर्पित है।

2. मध्य प्रदेश में आयोजित होगा पांचवा खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022
• 20 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने पाँचवें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 मध्य प्रदेश में आयोजित किए जाने की घोषणा की है। यह राज्य के आठ अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाएगा। नामित आठ मेजबान शहर भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, महेश्वर, मंडला और बालाघाट हैं। खेलों की मेजबानी 31 जनवरी 2023 से 11 फरवरी 2023 तक की जाएगी। इस खेल आयोजन में 8 हजार 500 से अधिक एथलीटों और खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है।

3. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में 'मिशन लाइफ' का किया शुभारंभ
• 20 अक्टूबर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (एकता नगर केवड़िया, गुजरात) में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की उपस्थिति में 'मिशन लाइफ' (Mission LiFE- पर्यावरण के लिए जीवन शैली) का शुभारंभ किया है। लाइफ का दृष्टिकोण एक ऐसी जीवन शैली जीना है जो हमारे ग्रह के अनुरूप हो और इसे नुकसान न पहुंचाए। और ऐसी जीवन शैली जीने वालों को "प्रो-प्लैनेट पीपल" कहा जाता है। मिशन लाइफ P3 (प्रो-प्लैनेट पीपल) की अवधारणा को मजबूत करेगा और पृथ्वी के लोगों से जुड़ेगा।

4. जापान ने जापानी शेक 'निहोन्शु' के लिए मांगा GI टैग
• हाल ही में नई दिल्ली स्थित जापान के दूतावास ने निहोन्शू/जापानी शेक के लिए भौगोलिक संकेत (GI) टैग की मांग करते हुए आवेदन किया है। यह पहली बार है जब जापान ने किसी उत्पाद के भौगोलिक संकेत टैग के लिये आवेदन किया है।

5. संजय मल्होत्रा बने नए राजस्व सचिव, वहीं अरमाने गिरिधर होंगे अगले रक्षा सचिव
• हाल ही में अरमाने गिरिधर अगले रक्षा सचिव नियुक्त किए गए हैं। भारत सरकार ने कहा कि गिरिधर 31 अक्टूबर, 2022 को कार्यभार संभालेंगे। मौजूदा रक्षा सचिव अजय कुमार इसी दिन सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अरमाने गिरिधर वर्तमान में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव है।

6. यूक्रेन के लोगों को मिला यूरोपीय संसद का शीर्ष सम्मान 'सखारोव प्राइज़ 2022'
• हाल ही में यूक्रेन के लोगों और उनके प्रतिनिधियों को रूस के आक्रमण और युद्ध के प्रतिरोध के लिए यूरोपीय संसद के शीर्ष सम्मान 'सखारोव प्राइज़ फॉर फ्रीडम ऑफ थॉट्स 2022' से सम्मानित किया गया है। 'सखारोव पुरस्कार' यूरोपीय संघ द्वारा प्रदान किया जाने वाला मानवाधिकार कार्यों से संबंधित सर्वोच्च सम्मान है।
• यह लगातार दूसरा वर्ष है जब ईयू के सांसदों ने सखारोव पुरस्कार के जरिए रूस को संदेश दिया है। पिछले साल जेल में बंद रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवेलनी को यह पुरस्कार देने की घोषणा की गई थी।

7. नई दिल्ली में 14वाँ जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम किया जा रहा आयोजित

Daily Current Affairs 22 October 2022

• 19 अक्टूबर, 2022 को युवा और खेल मामलों के मंत्रालय ने नई दिल्ली में गृह मंत्रालय के सहयोग से जनजातीय युवाओं के विकास के लिये 14वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के आयोजन की शुरुआत हुई। यह कार्यक्रम 25 अक्टूबर, 2022 तक चलेगा। इसका उद्देश्य जनजातीय युवाओं को देश की भव्य सांस्कृतिक धरोहर से अवगत कराना है ताकि वे विविधिता में एकता के सिद्धांत को भलिभाँति समझ सके।

8. लिज ट्रस ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया, 45 दिन पहले ही बनी थीं PM
• 20 अक्टूबर, 2022 को ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने पद संभालने के महज 45 दिनों के बाद इस्तीफा दे दिया है। सरकार से एक वरिष्ठ मंत्री के इस्तीफे और संसद के निचले सदन में सदस्यों द्वारा जमकर आलोचना के बाद लिज ट्रस ने अपने पद से इस्तीफा दिया। इसके अलावा ट्रस ने स्वीकार किया है कि जब वह कंजर्वेटिव नेता के लिए रेस में थीं, तब उन्होंने जो वादे किए वे पूरा नहीं कर पाईं और उन्होंने अपनी पार्टी का विश्वास खो दिया।

9. अमेरिकी इतिहासकार बारबरा मेटकाफ को 2022 के लिए सर सैयद उत्कृष्टता पुरस्कार से किया गया सम्मानित
• अमेरिकी इतिहासकार और दक्षिण एशियाई इतिहास और इस्लाम के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित विद्वान बारबरा डी मेटकाफ को 2022 के लिए सर सैयद उत्कृष्टता अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। वार्षिक पुरस्कार अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (AMU) द्वारा इसके संस्थापक सर सैयद अहमद खान की जयंती पर दिया जाता है।
• इस साल एएमयू सर सैयद की 205वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस साल मेटकाफ को दिए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार में रुपये 200,000 का नकद पुरस्कार दिया गया है। जबकि नई दिल्ली में मौलाना आज़ाद एजुकेशन फाउंडेशन को 100,000 रुपये का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया।

10. शिक्षा मंत्रालय अगले महीने से काशी तमिल संगमम आयोजित करेगा
• शिक्षा मंत्रालय वाराणसी और तमिलनाडु के बीच ज्ञान और पुरातन सभ्यता के संपर्क का फिर से पता लगाने के लिए 16 नवंबर, 2022 से एक माह का काशी तमिल संगमम आयोजित करेगा। 12 समूहों में समाज के विभिन्न वर्गों, अकादमिक, आध्यात्मिक, दार्शनिक, व्यापार और वाणिज्य, कृषि, उद्यमिता, कला और शिल्पकार समेत तमिलनाडु के 2400 से अधिक लोग दोनों प्राचीन नगरों द्वारा साझा किए गए पुरातन ज्ञान से अवगत होने के लिए आठ दिन के प्रवास पर काशी जाएंगे।

Resultuniraj.co.in